अधीक्षण अभियंता का कार्यालय
पथ निर्माण विभाग,मगध पथ अंचल,गया

Email id:- magadhcirclercdgaya@gmail.com

दिनांक–11.07.2023 को पथ प्रमंडल सं०–1,औरंगाबाद के अधीन RCPLWEA योजनान्तर्गत अम्बा नबीनगर से चकुआ पथ कुल लम्बाई 7.150 कि0मी0 निर्माण कार्य (BR02RC315)

निरीक्षण के दौरान उपस्थित पदाधिकारियों की सूची :–

1. श्री इन्द्रजीत कुमार आर्य, कार्यपालक अभियन्ता, पथ प्रमंडल सं0–1, औरंगाबाद।
2. सुश्री अनुराधा कुमारी, सहायक अभियन्ता, पथ अवर प्रमंडल सं0–2, औरंगाबाद।
3. श्री रूपेश कुमार, कनीय अभियन्ता (संविदा) पथ प्रमंडल सं0–1, औरंगाबाद।

निरीक्षण प्रतिवेदन

उपरोक्त पथ,जिसकी कुल लम्बाई 7.150 कि०मी० है,का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण का कार्य संवेदक अरबिन्द सिंह, औरंगाबाद द्वारा कराया जा रहा है, जिसका एकरारनामा सं०– 13RCPLWEA/2022-23, दिनांक 15.12.2022 है। उक्त कार्य हेतु मूल्य तकनीकी स्वीकृति की राशि रू० 1136.35 लाख है एवं एकरारनामा की कुल राशि रू० 757.83130 लाख है। एकरारनामानुसार उक्त कार्य हेतु प्रारंभ की तिथि 23.12.2022 थी एवं निर्माण कार्य को पूर्ण करने हेतु 07 माह का अवधि निर्धारित है। उक्त पथ में अम्बा नबीनगर पथ से दशवत बिगहा तक Bituminous कार्य कराया जा चुका है, शेष कार्य प्रगति पर है।

पथ निरीक्षण के दौरान कार्यपालक अभियन्ता द्वारा बताया गया कि द्वारा उक्त कार्य हेतु तकनीकी प्राक्कलन में 7.150 कि०मी० पथांश में से 6.975 कि०मी० Flexible Pavement, 175m Existing PCC पथ को Rigid Pavement बनाने का प्रावधान कर तकनीकी स्वीकृति प्रदान की गई थी।

- कार्यपालक अभियन्ता द्वारा बताया गया कि इस पथ का निर्माण कार्य अम्बा नबीनगर पथ से दशवत बिगहा होते हुए चकुआ तक किया जाना प्रस्तावित है, परन्तु अवशेष पथांश दशवत बिगहा से माली के निर्माण हेतु स्थानीय सांसद महोदय श्री सुशील कुमार सिंह द्वारा पत्र के माध्यम से भी अपर मुख्य सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार पटना को सुझाव दिया गया है। साथ ही स्थानीय विधायक श्री राजेश कुमार, स०वि०स० द्वारा भी उक्त पथांश के निर्माण हेतु बिहार विधान सभा में प्रश्नांकित है।
- उपरोक्त माननीयों के तथ्यों के आधार एवं जनहित में उपयोगिता को देखते हुए विषयांकित पथ की पुनरीक्षित प्राक्कलन तैयार किया गया है। पुनरीक्षित प्राक्कलन में Existing BT 9325 मी० पथांश को GSB करते हुये BT पथ बनाने का प्रावधान एवं Existing PCC 175 मी० लम्बाई में PCC पथ बनाने का प्रावधान किया गया है, जिससे BT पथांश में 2350 मी0 लम्बाई वृद्धि हो रही है।

- पूर्व के तकनीकी स्वीकृत प्राक्कलन में 3 अदद् Hume Pipe प्रावधान किया गया था, जबकि पुनरीक्षित तकनीकी स्वीकृत प्राक्कलन में ग्रामीणों के मांग था। स्थल आवश्यकतानुसार 6 अद्द नये Hume Pipe एवं 430 मी० Drain का प्रावधान किया गया है।
- तकनीकी स्वीकृत प्राक्कलन में GSB से गढढ़ों को भरने का प्रावधान किया गया था, जिसकी मात्रा कराये जाने वाले कार्यों से कम पायी गयी है। साथ ही दशवत बिगहा से माली तक की पथ की स्थिति काफी जर्जर है। फलतः आवश्यकतानुसार Pots Repair का प्रावधान किया गया है।
- इस कार्य की प्रशासनिक स्वीकृति की राशि रू० 1082.16 लाख है, परन्तु पुनरीक्षित प्राक्कलन की स्वीकृत की राशि रू० 1114.07 लाख है, जो प्रशासनिक स्वीकृति की राशि से 2.95% अधिक है।
- तकनीकी स्वीकृत प्राक्कलन में GST 12% शामिल किया गया था, परन्तु नये सरकारी प्रावधान के अनुसार पुनरीक्षित प्राक्कलन में GST 18% सम्मिलित किया गया है।
- माननीयों के सुझाव एवं कार्य की जनहित में उपयोगिता को देखते हुए अवशेष पथांश दशवत बिगहा से माली को अम्बा–नबीनगर पथ से दशवत बिगहा में सम्मिलित करते हुए पुनरीक्षित तकनीकी स्वीकृति प्रदान की जा सकती है।

(हस्ताक्षर) 12-07-23

अधीक्षण अभियंता
मगध पथ अंचल,गया

ज्ञापांकः– 934 दिनांकः–12-07-2023

प्रतिलिपि कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग,पथ प्रमंडल सं0–1, औरंगाबाद को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(हस्ताक्षर) 12-07-23

अधीक्षण अभियंता
मगध पथ अंचल,गया

ज्ञापांकः– 934 दिनांकः–12-07-2023

प्रतिलिपि मुख्य अभियंता, पथ निर्माण विभाग/अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित।

(हस्ताक्षर) 12-07-23

अधीक्षण अभियंता
मगध पथ अंचल,गया